निजी स्वार्थ के लोभ में राहुल राज ने अपने वोटरों के सीने में भोंका खंजर : हरेलाल

छपरा (आससे)। सारण जिला राजद के पूर्व प्रवक्ता हरेलाल यादव ने सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय नवनिर्वाचित विधान पार्षद डॉ राहुल राज द्वारा आनन फानन में भाजपा ज्वाइन करने के फैसले पर एतराज जताते हुए कहा कि सत्ता लोलुपता और निजी स्वार्थ के कारण राहुल राज ने भाजपा ज्वाइन कर अपने मतदाताओं के सीने में खंजर भोकने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने एनडीए सरकार के शिक्षक एवं शिक्षा विरोधी कार्यशैली से तंग आकर सारण शिक्षक क्षेत्र के मतदाताओं ने निर्दलीय राहुल राज पर भरोसा जताते हुए उन्हें भारी मतों से जिताया था। राहुल राज को समाज के सभी वर्ग के शिक्षक विशेषकर पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का भरपूर समर्थन इसलिए मिला था कि ये निर्दलीय होकर शिक्षकों के हक अधिकार की आवाज को सदन में बगैर किसी राजनीतिक दल के दबाव में निर्भीक होकर उठाएंगे। राहुल राज के भाजपा में शामिल होने पर सारण के शिक्षक समुदाय के लोगों ने अपने आपको ठगा महसूस कर रहे हैं, जिसके कारण शिक्षक समुदाय में काफी आक्रोश है।

ब-ईजलास मुंसिफ द्वितीय, भोजपुर, आरा।
मोकदमा नं.-739/2023
आशा देवी-मुदईया
बनाम
जितेन्द्र पण्डित उर्फ मन्टु वगै.-मुदालेहम,
गजट प्ररूप
गजट बनाम-1. जितेन्द्र पण्डित उर्फ मन्टु, 2. पप्पु पण्डित, 3. बबन पण्डित तीनों पिता स्व. मोहन पण्डित तीनों साकिन-मटुकपुर पो.+थाना-बड़हरा, जिला-भोजपुर। 4. मुन्नी देवी पति हरेन्द्र प्रसाद साकिन+पो.-पूर्वी दहियावा मिशन रोड छपरा, पो.-साहेबगंज जिला-सारण छपरा।

चूं इस गजट प्रकाशन के द्वारा आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आप लोगों के विरुद्ध मुंबई ने उपरोक्त न्यायालय में जो मुकदमा दायर किया जिसमें आप लोगों को सूचित किया जाता है कि आप लोगों के विरुद्ध मुदई ने उपरोक्त न्यायालय में जो मुकदमा दायर किया जिसमें आप लोगों को सम्मन वो रजिस्ट्री नोटिश न्यायालय से भेजा गया है लेकिन आप लोग इसके बावजूद भी उपरोक्त मुकदमा में उपस्थित नहीं हुए। इसलिए इस गजट प्रकाशन के बाद दिनांक 10.12.26 को समय 10.30 बजे दिन में उपरोक्त न्यायालय में वकालतन या असालतन उपस्थित होकर अपना उजूर एवं एतराज दाखिल करें वरना मेरे न्यायालय में एकपक्षीय आदेश पारित किया जायेगा। इसे सख्त ताकिद जाने।

ब-ईजलास, मुंसिफ द्वितीय
आरा, भोजपुर।
9/482/26

ब अदालत सब जज प्रथम, मोकाम मढ़ौरा सारण
हकियत मोकदमा नं.-264/2025
रामनाथ सिंह---------- मुदई
बनाम
देव कुमार सिंह वगैरह-------मुदालहम
नोटिस बनाम-1.देव कुमार सिंह पिता अम्बिका सिंह 2.राजेश सिंह पिता अमिका सिंह 3.राजु सिंह पिता देव कुमार सिंह 4 रंजन सिंह पिता राजेश सिंह 5. प्रभु राय पिता स्व. मनी राय 6.विनोद राय पिता स्व. मनी राय 7.अवधेश राय पिता स्व. मनी राय 8. संतोष पंडित पिता दीना पंडित 9.मदन पंडित पिता दीना पंडित 10. नरेश पंडित पिता दीना पंडित 11. नारायण पंडित पिता विशुनदेव पंडित 12.अखिलेश पंडित पिता मुखतार पंडित सभी साकिनान ग्राम बेतौना, पो.मटियारी, थाना पानापुर जिला सारण----------मुदालहम

चूं मुदई ने आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त वाद दाखिल किया है, जिसमे न्यायालय द्वारा आपलोगो पर सम्मन तथा निबंधित सम्मन निर्गत किया जा चुका है। आपलोग मुकदमें की जानकारी होने के बावखुद भी जानबूझ कर मुकदमें में वकालतन मार्फत अधिवक्ता के या स्वयं उपस्थित नहीं हो रहे है। अत: आपलोगो को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपलोग दिनांक 4-11-26 को समय 10:30 बजे सुबह मार्फत अधिवक्ता के या स्वयं उपस्थित होकर जो कुछ उजुर पेश करना है करे, वरना आपलोगो के खिलाफ अदालत द्वारा एक पक्षीय कारवाई कर दी जायेगी,इसे सख्त ताकिद समझे,नोटिश आज दिनांक 14-10-26 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय के मोहर द्वारा निर्गत हुआ।

ब अदालत सब जज प्रथम
मोकाम मढ़ौरा, सारण
9/509/26

विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की होगी अहम भूमिका : संजय सिंह टाइगर



छपरा (आससे)। भाजपा सारण के तत्वाधान में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम स्नेही भवन में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया युवा समाज कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री सह विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर ने संबोधित करते हुए कहा कि यह युवा संवाद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में देश की युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है उन्होंने कहा कि युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने और देश के भविष्य के निर्माण की रूपरेखा में योगदान देने के लिए सशक्त बनेगा उन्होंने कहा कि इस इस कार्यक्रम से देश भर के युवा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण पर विचार साझा करेंगे भारत दुनिया भर में सबसे अधिक युवाओं वाला देश है उन्होंने कहा कि देश का भविष्य केवल नीतियों या संस्थाओं से ही नहीं बल्कि युवा नागरिकों की कल्पना दृढ़ विश्वास और साहस से आकर लेगा जिला विधायक छोटी कुमारी ने कहा कि विकसित भारत युवा संवाद की शुरुआत पिछले वर्ष जनवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीन से की थी उन्होंने कहा कि युवा संवाद कार्यक्रम बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले युवाओं को इस अभियान से जोड़ने का आह्वान किया था जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहां की इस युवा संवाद कार्यक्रम के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थाओं कालेजों और जिला में युवा संवाद लोकतंत्र और मतदान के प्रति जागरूकता तथा राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर चर्चा है आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम को मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष रामदयाल शर्मा प्राचार्य प्रमेन्द्र सिंह पूर्व प्राचार्य अरुण सिंह महामंत्री विवेक कुमार सिंह महामंत्री धर्मेंद्र शाह राकेश सिंह राजीव सिंह मुख्य प्रवक्ता प्रकाश रंजन नीकू अर्धेंदु शेखर ने संबोधित किया तथा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से सुशील सिंह बलवंत सिंह सत्या सिंह सत्रोहन भक्त शांतनु कुमार शुभम वर्मा राकेश कुमार सुनीता कुमारी राकेश कुमार मनोज कुमार अनूप यादव सनी प्रकाश अनिल राय आदि प्रमुख थे कार्यक्रम की की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह संचालन महामंत्री विवेक कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन दिव्यांशु कुमार ने किया



रेनबो क्लब ने आयोजित की निबंध प्रतियोगिता

छपरा। प्रकाश पर्व दीपावली के अवसर पर रेनबो क्लब की ओर से 'दीपावली का महत्व' विषय पर अंतरविद्यालय निबंध लेखन प्रतियोगिता का



आयोजन क्लब के अध्यक्ष प्रो. विजय कुमार सिन्हा के मिशन कंपाउंड स्थित आवास पर किया गया। प्रतियोगिता में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को 50 मिनट में 200 शब्दों का निबंध हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखना था। वरिष्ठ वर्ग में गुरुकुल पब्लिक स्कूल की साक्षी गुप्ता ने प्रथम, राजेंद्र कॉलेजिएट के अंशु कुमार ने द्वितीय तथा भारतेशवरी संस्कृत कॉलेज की समृद्धि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग मे उड़ान स्कूल के दिव्यांशु गुप्ता प्रथम, कृष कुमार द्वितीय तथा आदर्श मध्य विद्यालय के संजीत कुमार तृतीय स्थान पर रहे।

जनगणना: जिलास्तरीय प्रशिक्षण का दूसरा बैच शुरू

अधिसूचना जारी, 25 जनवरी से 28 फरवरी तक होगी जनसंख्या परिगणना

छपरा (आससे)। जिलाधिकारी सह प्रधान जिला जनगणना अधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण में पटना डीसीओ से आई जिला नोडल सह स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर अदिती आनंद एवं आयुषी सिंह ने जनगणना की प्रक्रिया और समय-सीमा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10 से 24 जनवरी 2027 तक स्व गणना होगी। इस दौरान नागरिक मोबाइल ऐप के माध्यम से स्वयं और परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। 25 जनवरी



से 28 फरवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या की गणना करेंगे। वहीं एक से पांच मार्च तक पुनरीक्षण कार्य होगा। प्रशिक्षकों ने बताया कि यह देश की पहली पूर्णत: डिजिटल जनगणना होगी। इसमें कोई व्यक्ति छूटे नहीं और दोहरी प्रविष्टि नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखना है। कार्य की रियल टाइम निगरानी चार्ज, जिला, राज्य एवं जनगणना निदेशालय स्तर पर होगी। प्रशिक्षण में सीएमएमएस पोर्टल, हाउस लिस्टिंग ब्लॉक, नजरी नक्शा एवं सुपरवाइजरी सर्किल बनाने का व्यावहारिक डेमो दिया गया। अपर जिला जनगणना अधिकारी सह डीआईओ तारणी कुमार के नेतृत्व में ऑनलाइन क्विज और 30 प्रश्नों की परीक्षा से प्रशिक्षुओं की क्षमता का आकलन किया गया।

शराब कांड के फरार नामजद अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

तरैया। थाना क्षेत्र के रामपुर महेश गांव में स्थानीय पुलिस ने शनिवार की रात छापेमारी कर शराब कांड के फरार नामजद अभियुक्त रंजन चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे रविवार को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए छपरा कोर्ट में पेश किया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त शराब कांड में नामजद था और पिछले कई महीनों से फरार चल रहा था। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी।

धूमधाम से मनी श्रीकृष्ण सिंह की जयंती, भारत रत्न देने की उठी मांग

छपरा। अयोध्या नगर में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर शर्मा शामिल हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. जगजीत पांडेय, जदयू जिलाध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह विकल, भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह, अभय सिंह, कविता सिंह, दुन्ना मुखिया एवं प्रबोध सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शंभू सिंह ने की, जबकि संचालन जदयू महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी ई. प्रभाष शंकर ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने श्री बाबू के व्यक्तित्व, कृतित्व और बिहार के विकास में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि श्रीकृष्ण सिंह ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व और जनकल्याणकारी कार्यों से बिहार को नई पहचान दिलाई। इस दौरान सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों ने एक स्वर में केंद्र सरकार से बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। कार्यक्रम में ओमप्रकाश शर्मा सोनू, भुलान, मुरली, विकास सिंह, हिटलर तिवारी, रघुवीर सिंह, राजू राय, अशोक सिंह, भोला सिंह, चंदन दीक्षित, अमरजीत कुमार सहित सारण के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्री बाबू के अनुयायी उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित एमएलसी डा. राहुल राज को भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

छपरा। सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधान पार्षद डॉ. राहुल राज को रिविलगंज प्रखंड भाजपा अध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्हें शॉल, बुके, गीता भेंटकर एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि डॉ. राहुल राज पिछले दस वर्षों से प्रखंड प्रमुख हैं। वर्ष 2001 में पंचायत चुनाव के समय से ही उनके पिता पूर्व प्रमुख बिपिन कुमार सिंह के साथ उनका जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. राहुल राज की जीत में उनकी मेहनत, शिक्षकों से बेहतर संबंध और शिक्षकों की मांगों को सड़क से सचिवालय तक उठाने की भूमिका रही है। सारण उनकी जन्मभूमि और चंपारण ननिहाल का भी उन्हें समर्थन मिला। उन्होंने बताया कि डॉ. राहुल राज ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं सांसद राजीव प्रताप रूडी के सानिध्य में पार्टी को समर्थन देने का आश्वासन दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी एवं मुख्यमंत्री ने भी उनका स्वागत किया।बधाई देने वालों में गामा सिंह, ददन सिंह, रविभूषण मिश्रा, प्रियकांत कुशवाला, मनोज त्रिपाठी, शत्रुघ्न प्रसाद, अमित कुमार सिंह, राकेश सिंह, महेश गुप्ता, गुड्डू तिवारी, अखिलेश्वर सिंह, सुशांत कुमार, सुधीर सिंह, अनूप यादव, अनिल यादव, शत्रुघ्न चौधरी एवं विजय सिंह सहित सभी पदाधिकारी और प्रकोष्ठ संयोजक शामिल थे।

छापेमारी कर तीन वारंटी गिरफ्तार

तरैया। स्थानीय थाना पुलिस ने शनिवार की रात विभिन्न गांवों में छापेमारी कर तीन फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में मंझोपुर गांव निवासी वजीर नट एवं तेरस नट तथा डुमरी छपिया गांव निवासी राजीव शुक्ला शामिल हैं। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि तीनों वारंटी कई महीनों से फरार चल रहे थे। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही थी। शनिवार की रात गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है।





श्रद्धांजलि सभा में याद आये पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा

छपरा। ब्रजकिशोर किंडरगार्टन में भाजपा के संस्थापक सदस्य, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एसआईएस के संस्थापक स्वर्गीय रविन्द्र किशोर सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। अध्यक्षता शिक्षाविद् ब्रजेन्द्र कुमार सिन्हा ने की। उन्होंने कहा कि आर.के. सिन्हा आधुनिक युग के दानवीर थे।



जरूरतमंदों की झोली भरने और दूसरों की सहायता करने में उन्हें खुशी मिलती थी। वरिष्ठ समाजसेवी हरेश्वर प्रसाद, जगदम कॉलेज के प्राचार्य के.पी. श्रीवास्तव, पत्रकार विद्याभूषण श्रीवास्तव, शिक्षाविद् सूर्य प्रकाश, रविशंकर श्रीवास्तव, सौरभ श्रीवास्तव और युवा चित्रांश सागर श्रीवास्तव ने उनके सामाजिक, राजनीतिक एवं औद्योगिक योगदान को याद किया। व्यवसायी अभिजीत श्रीवास्तव ने उनके साथ हवाई यात्रा का संस्मरण सुनाते हुए उनकी सादगी बताई। पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता राज सिन्हा ने उनके आत्मीय व्यवहार को याद किया। भूपेश नंदन और सुबोध श्रीवास्तव ने भी विचार रखे। अंकुर श्रीवास्तव ने वर्ष 2024 की मुलाकात का संस्मरण साझा किया। वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 1974 में SIS की स्थापना कर उन्होंने हजारों लोगों को रोजगार दिया। बिहार के प्रति उनका लगाव अनुकरणीय था। सभा में रितेश चांद, अजय सहाय, मनोज श्रीवास्तव और विक्की श्रीवास्तव सहित अनेक लोग मौजूद थे। जानकारी अंकुर श्रीवास्तव ने दी।



इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम — मुक्तधन)
सार्वजनिक सूचना
ऑनलाइन ई-निविदा सं: 2026/आईआरसीटीसी/ऊ.मं./निर्माण/ब्रम/निविदा/28 निम्नलिखित कार्यों के 5 वर्षों की अवधि के लिए निविदाएं बन्द के सामान्य नियमों के अधीन 2 (दो) भाग ई-निविदा प्रणाली (ए) — 200 की पीएच. बैलेन्सशीट (बी) — 144 की पीएच. प्रोविजनशीट — 852 की पीएच. एन्सीलरी (सी) — 24.61 की पीएच. टीडीएस(डी) — 137.22 की पीएच. जीएसटी(ई) — 73.4 की पीएच. की वित्त वर्ष 05.11.2026 को 11:00 बजे, वित्तीय बोली खोले जाने की संभावित तिथि 01.12.2026 को 15:00 बजे खोली जाएगी।
निविदा दस्तावेज "www.irctc.com" "http://www.tenderwizard.com/IRCTC" और "eprocure.gov.in/cppp" वेबसाइटों से डाउनलोड किए जा सकते हैं और उन्हें केवल http://www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही भरा/सबमिट किया जाएगा।
उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में जारी कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट: www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही प्रकाशित किया जाएगा।
दीपक (जनसं.सेवा) आईआरसीटीसी लिमि., नई दिल्ली, स्टेट्समैन हाउस, बी-148, बाराखम्बा रोड, दिल्ली-110001

पूर्व मध्य रेल
सूचना
पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल के वैध-यात्रियों/पारिवारिक पास-यात्रियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02 नवम्बर से 06 नवम्बर 2026 तक पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक निम्न स्थानों पर लगाने हेतु कैंप लगाया जायेगा। निर्गमित सावधि सर्टिफिकेट (DLC) जमा कराने के पश्चात उन्हें संबंधित बैंक एवं कार्ड लाईन सर्टिफिकेट जारी करने की व्यवस्था की जाएगी।

क्रम सं.	दिनांक	स्टेशन
1.	02.11.2026 से 06.11.2026 तक	मंडल कार्यालय डेहरीऑन सोन, दानापुर
2.	03.11.2026	दानापुर
3.	04.11.2026	पटना जंक्शन
4.	05.11.2026	दिनारा
5.	05.11.2026	डेहरीऑनसोन
6.	06.11.2026	बिहार शरीफ
7.	06.11.2026	बख्तियारपुर

सभी पेंशनभोगियों/पारिवारिक पेंशनभोगियों से अनुरोध है कि वांछित दस्तावेज में अपने PPO तथा AADHAR Card की प्रति एवं जीवित प्रमाण-पत्र/जीवन प्रमाण-पत्र की प्रति, जो आवश्यकतानुसार हो, लिखित आवेदन के साथ डिजिटल सर्टिफिकेट (DLC) जमा किया जा सके। साथ ही वैसे पेंशनभोगी जो शारीरिक रूप से असक्षम हैं मोबाईल सं. 9771119611 पर संपर्क कर उक्त सुविधा की जानकारी एवं अपने निवास स्थान पर ही इसका लाभ ले सकते हैं। उपरोक्त सूचना पूर्व मध्य रेल दानापुर मंडल के Website www.ecr.indianrailway.gov.in पर भी उपलब्ध है।
वरीय मंडल वाणिज्यिक अधिकारी
पूर्व मध्य रेल, दानापुर
पीआर/1216/कॉमर्शियल/पीडिसाएसएस/नोटिस/26-27/56

